>

Title: Need to open a centrally-aided hospital, with facilities at par with AIIMS in district Moradabad, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के शहर सम्भल में 100 बैड के बने नए संयुक्त अस्पताल में हो रही लापरवाही की ओर दिलाना चाहता हूं। पिछले महीने के आखिर में यहां एक बस ऐक्सीडेंट के जब 65-70 घायलों को लाया गया तो मौके पर सिर्फ एक डॉक्टर व दो-तीन कर्मचारी ही मिले। घायलों को फर्श पर लिटाकर प्राईवेट लोकल डाक्टरों की मदद से इलाज कर खानापूर्ति की गई। इसमें 10 लोगों की मौत भी हो गई। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिला मुरादाबाद में एम्स की तर्ज पर एक बड़ा अस्पताल शीघ्र खुलवाएं।